वीयू क्रिकेट प्रीमियर लीग – यासिर आमीन मैन ऑफ़ द सीरीज रहे

पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रीमियर लीग फाइनल मैच वेटरनरी महाविद्यालय के छात्रों ने पांच रनों से नॉन टीचिंग टीम को परास्त कर विजय हासिल की फाइनल मैच के उद्घाटन में नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा उपस्थित रहे, साथ ही डॉ. एस.के. जोशी कुलसचिव, डॉ आर.के. शर्मा अधिष्ठाता जबलपुर, डॉ. एस. के. महाजन अधिष्ठाता मत्स्य महाविद्यालय, डॉ. सोना दुबे जन संपर्क अधिकारी उपस्थित रही। विजयी टीम में शिवम शर्मा मैन ऑफ द मैच अमन शर्मा बेस्ट फील्डर एवं रनर टीम से मोनू का उत्कृष्ट प्रदर्शन था। अंपायरिंग शिव मोहन सिंह व ऋषिकेश रजक द्वारा की गई। मैच के दौरान महाविद्यालय के छात्र–छात्राए, कर्मचारीगण भारी संख्या में मौजूद रहे तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। रनर एवं विनर टीमों को डॉ. मनदीप शर्मा माननीय कुलगुरु जी ने ट्रॉफी प्रदान की एवं उन्होंने दोनों टीमों को टीम भावना से खेलने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु डॉ. आदित्य मिश्रा अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉक्टर देवेंद्र गुप्ता, डॉ. संजय शुक्ला, डॉ. मोहन सिंह, प्रवीण कुमार सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर